दिनांक 26.02.2019

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम , भिलाई के महापौर व विधायक देवेन्द्र यादव एवं निगम आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने विगत् दिनों सभी विभाग प्रमुख , जोन आयुक्तों , राजस्व अधिकारी , स्वास्थ्य अधिकारी की बैठक ली थी जिसमें अवैध कब्जा एवं गंदगी फैलाये जाने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था। उसी कड़ी में आज कुरुद क्षेत्र में पिछले कुछ समय से अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिल रही थी जिसपर निगम प्रशासन, पुलिस, जिला प्रशासन एवं नगर निवेश के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुए उक्त स्थल पर हुए अवैध कब्जे को मुक्त कराया गया। निगम महापौर व विधायक एवं आयुक्त के निर्देश पर शहर में बढ़ रहे सुअरों के आतंक को देखते हुए उन्हे पकड़ने हेतु निर्देश दिये गये थे जिसपर आज निगम का स्वास्थ्य अमले अपने टीम के साथ वार्डों/मोहल्लों में पहुंचकर सुअरों को पकड़कर उन्हे अन्यत्र छोड़ा गया।